<u>प्रेस नोट दिनांक 10.11.2025</u>

थाना बलुआ जनपद चन्दौली

🔰 **थाना बलुआ पुलिस टीम द्वारा घर के अन्दर अवैध शस्त्रों का निर्माण कर रही फैक्ट्री का खुलासा।**

🔰 **एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री में 03 तमंचा नाजायज (01 तमंचा 12 बोर, 01 तमंचा 315 बोर, 01 तमंचा 315 बोर(अर्द्धनिर्मित)), शस्त्र बनाने में प्रयुक्त होने वाले कल पुर्जे व शस्त्र बनाने के उपकरण किये गये बरामद।**

🔰 **फैक्ट्री का संचालक मुख्य अभियुक्त को शस्त्र बनाते हुए किया गया गिरफ्तार।**

🔰 **पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली थाना बलुआ पुलिस टीम को 20,000 रूपयें नकद इनाम से पुरस्कृत किया गया।**

चन्दौली । श्री पीयूष मोर्डिया अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी, श्री वैभव कृष्ण पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र वाराणसी द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में आदित्य लांग्हे, पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशन में अनन्त चन्द्रशेखर (आई.पी.एस.) अपर पुलिस अधीक्षक सदर व क्षेत्राधिकारी सकलडीहा, स्नेहा तिवारी के कुशल पर्यवेक्षण व मार्गदर्शन में प्रभारी थानाध्यक्ष बलुआ अतुल कुमार के नेतृत्व में दिनांक 09.11.2025 को समय करीब 19.10 बजे मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना बलुआ पुलिस द्वारा ग्राम नदेसर थाना बलुआ जनपद चन्दौली से एक घर के अन्दर अवैध शस्त्रों का निर्माण कर रही फैक्ट्री से एक तमंचा 12 बोर, एक तमंचा 312 बोर, एक तमंचा 315 बोर(अर्ध्द निर्मित), 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 12 बोर, शस्त्र बनाने में प्रयुक्त होने वाले कल-पुर्जे व शस्त्र बनाने के उपकरण की बरामदगी करते हुए गिरोह के सरगना को शस्त्र बनाते हुए गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान संजय शर्मा उर्फ संजू पुत्र राम लक्षण शर्मा उर्फ लच्छू निवासी ग्राम नदेसर मारुफपुर थाना बलुआ जनपद चन्दौली के रूप में हुई।
गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना बलुआ जनपद चन्दौली पर मु0अ0सं0- 296/25 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट बनाम संजय शर्मा उर्फ संजू पुत्र राम लक्षण शर्मा उर्फ लच्छू निवासी ग्राम नदेसर मारुफपुर थाना बलुआ जनपद चन्दौली आदि 05 अभियुक्त के पंजीकृत कर आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ विवरण- अभियुक्त उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि मैं अवैध असलहों का निर्माण कर रहा था यही मेरा पेशा व रोजी रोटी का साधन है। मैं ये असलहे तीन हजार–पैतींस सौ में बेचता हूँ। मुख्यतः 4 व्यक्ति (दो व्यक्ति जो जनपद चन्दौली के, एक व्यक्ति जनपद गाजीपुर के व एक व्यक्ति जनपद वाराणसी के हैं) ही खरीद कर ले जाते थे। मैं नये असलहे बनाता हूं तथा पुरानें असलहों की मरम्मत भी करता हूं।

गिरफ्तारी का विवरण:-
गिरफ्तार का स्थान– अभियुक्त मुकदमा के घर के अन्दर बहद ग्राम नदेसर थाना बलुआ जनपद चन्दौली।
दिनांक 09.11.2025 समय 19.10 बजे

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
संजय शर्मा उर्फ संजू पुत्र राम लक्षण शर्मा उर्फ लच्छू निवासी ग्राम नदेसर मारुफपुर थाना बलुआ जनपद चन्दौली उम्र करीब 53 वर्ष।

विवरण बरामदगी –
तमंचा व कारतूस-

03 तमंचा नाजायज (01 तमंचा 12 बोर, 01 तमंचा 315 बोर, 01 तमंचा 315 बोर अर्द्धनिर्मित)
02 खोखा कारतूस 315 बोर,
01 खोखा कारतूस 12 बोर,

अवैध तमंचा बनाने में प्रयुक्त होने वाला पुर्जा-
02 बट एवं बाडी लोहे की वेल्डिंगशुदा,
03 नाल मय नीचे की रिपिट लगी हुई
04 नाल घिसकर बनायी गयी
9 ट्रिगर लोहे का
10 इजेक्टर लोहे का
03 लकड़ी का गुटखा तमंचे की बट बनाने वाला
छोटी बड़ी स्प्रिंग कुल 37
बाडी बनाने वाला पतरा 7 लोहे का
5 हैमर
15 लोहे की पट्टी तमंचे में लगाने वाली
8 तमंचे की नाल में लगने वाली लोहे की पट्टी
38 तमंचे में लगाने लगाने की रिपिट छोटी बड़ी,
1 बोल्ट लोहे की, 2 स्क्रू
2 लोहे का प्लेट तमंचे की बाडी बनाने वाला,

अवैध तमंचा बनाने का उपकरण-
1 आरी लोहा काटने की
1 छोटी आरीमय ब्लेड
7 आरी ब्लेड,
2 लोहे की सुम्मी नाल का सांचा बनाने वाला,
1 ड्रिलिंग मशीन बिट लगा हुआ
1 लोहे की निहाई,
सुम्मी छोटी बड़ी कुल 12 अदद,
1 ग्राइंडिंग मशीन इलेक्टिक,
1 तसला मय कोयला,
1 वाइस लोहा फसाने वाला,
01 वेल्डिंग मशीन,
01 भट्ठी का ब्लोअर,
2 हथौड़ी, रेती छोटी बड़ी कुल 7 अदद,
3 पेचकस,
1 प्लास,
ड्रिलिंग बिट 20 छोटी बडी, 1 चाकू, 14 ग्राइंडिंग ब्लेड, 1 कटिंग ब्लेड
1 इंची टेप, 1 रूसा, 1 नट खोलने बंद करने वाला गोल रिंच आदि

आपराधिक इतिहास अभियुक्त - संजय शर्मा उर्फ संजू-

1.मु0अ0सं0- 200/2019 धारा 3/5/37/25 आर्म्स एक्ट थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
2.मु0अ0सं0- 65/2022 धारा 3/5/325 आर्म्स एक्ट थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
3.मु0अ0सं0- 2026/2025 धारा 138(1)(b) भा0विद्युत अधि0(संशोधित) 2023 थाना एण्टी पावर थेफ्ट जनपद चन्दौली।
3.मु0अ0सं0- 296/2025 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट थाना बलुआ जनपद चन्दौली।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीमः-
अतुल कुमार थानाध्यक्ष थाना बलुआ जनपद चन्दौली।
व0उ0नि0 अंनत कुमार भार्गव थाना बलुआ जनपद चन्दौली।
उ0नि0 अमित सिंह चौकी प्रभारी मारूफपुर थाना बलुआ जनपद चन्दौली।
उ0नि0 जमीलुद्दीन खान थाना बलुआ जनपद चन्दौली।
उ0नि0 जितेन्द्र बहादुर सिंह थाना बलुआ जनपद चन्दौली।
हे0का0 उपेन्द्र सिंह थाना बलुआ जनपद चन्दौली।
हे0का0 जलभरत यादव थाना बलुआ जनपद चन्दौली।
हे0का0 दीपचन्द्र गिरी थाना बलुआ जनपद चन्दौली।
हे0का0 दिलीप यादव थाना बलुआ जनपद चन्दौली।
का0 अनुज कुमार वर्मा थाना बलुआ जनपद चन्दौली।
का0 रोहित यादव थाना बलुआ जनपद चन्दौली।
का0 चन्दन साह थाना बलुआ जनपद चन्दौली।
म0का0 खुशबू रानी थाना बलुआ जनपद चन्दौली।
म0का0 सीमा थाना बलुआ जनपद चन्दौली।